श्री बंशीधर नगर सोमवार
04.05.2026
ज्येष्ठ कृष्णपक्ष तृतीया संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 250

**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:30 बजे
अस्त - 06:20 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 42 डिग्री से.
न्यूनतम : 22 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com



गांव-गांव में योग कक्षा का होगा विस्तार >> पेज 03

राष्ट्रपति ट्रंप को नहीं लगता बनेगी बात >> पेज 05

**सुविचार**

आज आप जो दर्द महसूस करते हैं, वही कल आपकी ताकत बन जाएगा।

**मतगणना** सभी की निगाहें पश्चिम बंगाल पर, काउंटिंग सेंटर बने 'छावनी'

# 5 राज्यों के लिए रिजल्ट आज



**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों के लिए आज यानी चार मई को वोटों की गिनती होगी। काउंटिंग सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले शुरू के आधा घंटे पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। इनके बाद ईवीएम में पड़ी वोटों की। दोपहर तक पिक्चर साफ होना शुरू हो जाएगी कि किस राज्य में किसकी सरकार बनने जा रही है किसकी नहीं। पांचों राज्यों में सुरक्षा के सबसे तगड़े बंदोबस्त पश्चिम बंगाल में किए गए हैं। जहां 77 काउंटिंग सेंटरों पर लोकल पुलिस के अलावा सीआरपीएफ और बीएसएफ समेत सीएपीएफ के 20 हजार जवानों को तैनात किया गया है। तमाम काउंटिंग सेंटरों को एक तरह से छावनी बना दिया गया है। जहां पुलिस फोर्स का भारी बंदोबस्त किया गया है।

### बंगाल में हिंसा की आशंका

सूत्रों का कहना है कि ऐसे खुफिया इनपुट मिल रहे हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल में सोमवार को हिंसा भड़क सकती है। इसके लिए सीएपीएफ की 200 कंपनियों को काउंटिंग सेंटरों पर और 500 कंपनियों को पश्चिम बंगाल में अलग-अलग अतिसंवेदनशील जगहों पर तैनात किया गया है। लोकल पुलिस फोर्स अलग से तैनात की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआरपीएफ के डीजी जीपी सिंह खुद बंगाल में डेरा डाले हुए हैं। बख्तरबंद गाड़ियों के साथ पेट्रोलिंग की जा रही है। काउंटिंग सेंटरों के आसपास भी किसी अनजान शख्स को फटकने नहीं दिया जा रहा। पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों में से एक फाल्टा सीट पर 21 मई को फिर से मतदान कराया जाएगा। इस सीट को छोड़ते हुए यहां 25 जिलों में बाकी बची 293 सीटों के लिए नतीजे सोमवार को आ जाएंगे।

### 77 आईपीएस को अलग से तैनात किया गया

चुनाव आयोग ने पहली बार यहां सभी 77 काउंटिंग सेंटरों की सुरक्षा-व्ययस्था और सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में 77 आईपीएस को अलग से तैनात किया है। जो हर सेंटर में आने-जाने वालों को सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी सीटों के लिए वोटों की गिनती होने के दौरान इनकम टैक्स के 458 काउंटिंग आबजर्वर नियुक्त किए हैं। यह सभी इनकम टैक्स अफसर हैं। इनमें सबसे अधिक आबजर्वर साउथ 24 परगना जिले की 31 सीटों के लिए 45 आबजर्वर, पुरलिया में नौ सीटों के लिए 15, पश्चिम बर्धमान की नौ सीटों पर दो गुना 18,दार्जलिंग की पांच सीटों पर 10, जलपाईगुड़ी की सात सीटों के लिए 14 और मुशीर्दाबाद 22 सीटों के लिए 33 आबजर्वर तैनात किए गए हैं।

### सभी की निगाहें पश्चिम बंगाल पर

सब की निगाहें पश्चिम बंगाल पर टिकी हुई हैं। इस बार के चुनाव में जिस तरीके से टीएमसी और बीजेपी के बीच लगातार टकराव की खबरें आती रहीं। उसे देखते हुए इस राज्य के नतीजे बेहद दिलचस्प होने वाले हैं। देखना होगा कि क्या बीजेपी पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का किला ढहाने में कामयाब हो पाई या फिर दीदी ने बीजेपी को तगड़ी पठकनी दे डाली। अगर ममता बनर्जी यहां अपना दुर्ग बचाने में कामयाब हो पाती हैं तो ना केवल बंगाल में बल्कि विपक्ष में भी उनका कद और बड़ा हो जाएगा। लेकिन अगर बीजेपी ने उनके दुर्ग को ढहा दिया तो यह बीजेपी के लिए 2029 आम चुनाव के लिए भी बड़ी कामयाबी के रूप में काम करेगा। हालांकि, यहां अधिकतर एग्जिट पोल में बीजेपी की सरकार बनने का अनुमान जताया है। यहां महिला और साइलेंट वोटर बीजेपी और टीएमसी की किस्मत तय करने में अहम भूमिका निभाने वाले हैं।

### तमिलनाडु में उलटफेर संभव

पश्चिम बंगाल के बाद सियासत की दुनिया में तमिलनाडु भी हॉट बना हुआ है। यहां की सियासत में बड़ा उलटफेर हो सकता है। देखना होगा कि क्या यहां की सत्ताधारी उद्ग गठबंधन लगातार दूसरी बार सरकार बनाने में कामयाब हो पाती है या नहीं। हालांकि, अभिनेता से नेता बने विजय फैक्टर यहां चौंकाने वाला रह सकता है। देखना होगा कि विजय की टीवीके सत्ताधारी पार्टी के वोटबैंक में सेंधमारी करते हुए सियासत में क्या नया रंग घोलती है। देखना होगा कि क्या विजय की पार्टी तमिलनाडु में 'द्रविड़ राजनीति' के दशकों पुराने वर्चस्व को चुनौती देने में कामयाब होती है या नहीं।

**न्यूज अपडेट्स**

### प्रसव के नाम पर 10,000 की मांग, सीएम के संज्ञान के बाद तीन नर्सें हटाई गयीं

**मेदिनीनगर :** पांकी प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने के नाम पर 10 हजार रुपये की मांग का मामला सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। सोशल मीडिया पर मामला सामने आते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्काल संज्ञान लिया और जांच के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार बालूडीह गांव की सुनीता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी सास सुकनी देवी से कथित रूप से पैसे की मांग की गई। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने चिकित्सा प्रभारी को लिखित शिकायत भी दी थी। मामला सोशल मीडिया पर उठने के बाद मुख्यमंत्री ने पलामू डीसी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही राज्यभर में ऐसी घटनाओं की जांच और ऑडिट कराने को भी कहा गया। इधर स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुये लेबर रूम में तैनात एएनएम को हटा दिया है। चिकित्सा प्रभारी महेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुये कुल तीन नर्सों को हटाया गया है, जिनमें एक नियमित और दो स्वास्थ्य मिशन की नर्स शामिल हैं। सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# देश की लोकतांत्रिक व न्यायिक संरचना को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मेघवाल

### रांची में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कई कार्यक्रम में हुए शामिल



**रांची।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रविवार को रांची दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और न्यायिक व्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं पर विस्तार से बात की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक और न्यायिक संरचना को और मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सबसे पहले रांची स्थित आरोग्य भवन में चलंत एकल कंप्यूटर लैब वाहन का उद्घाटन किया। इसके बाद दोपहर एक बजे बरियातू रोड स्थित एक होटल में उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के सम्मेलन में शामिल हुए। इस सम्मेलन में न्यायिक व्यवस्था की चुनौतियों, सुधारों और अधिवक्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई।

यूनियन ऑफ लॉ ऑफिसर्स की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि भारत की न्यायिक प्रणाली को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार न्यायिक सुधारों के लिए लगातार प्रयासरत है और आने वाले समय में इसमें और पारदर्शिता और गति लाने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहे। इस अवसर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा गया कि यह विधेयक महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मंत्री ने कहा कि यह सरकार का स्पष्ट वादा है कि 2029 तक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा, जिससे देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में उचित भागीदारी मिल सकेगी। अपने दौरे के अंतिम चरण में केंद्रीय मंत्री सांसद संस्कृति महोत्सव सह स्वदेशी मेला के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और स्थानीय कारीगरों के समर्थन पर बल दिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने पांच राज्यों के आने वाले चुनाव परिणाम पर पूछे गए सवाल का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जनता का निर्णय है और बहुत शानदार फैसला आने वाला है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में फैसला आने वाला है। साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की जीत का दावा किया। केंद्रीय मंत्री का यह दौरा प्रशासनिक, न्यायिक और सामाजिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिसमें उन्होंने सरकार की नीतियों और भविष्य की योजनाओं को स्पष्ट रूप से सामने रखा।

**दिल्ली का विवेक विहार बना लाक्षागृह**

# नौ लोगों की जिंदा जलकर मौत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विवेक विहार फेज-1 स्थित एक रिहायशी चारमंजिला इमारत में रविवार तड़के लगी आग में जान गंवाने वाले नौ लोगों की पहचान कर ली गई है। इस लाक्षागृह में एक ही परिवार के पांच सदस्य जिंदा जले हैं। पुलिस के अनुसार, दूसरी मंजिल पर पीछे वाले फ्लैट से एक परिवार के पांच लोगों के शव मिले। मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ वर्षीय पोता मास्टर आकाश जैन के रूप में हुई है। पहली मंजिल से शिखा जैन (45) का शव बरामद किया गया। तीसरी मंजिल से एक अन्य परिवार के तीन सदस्यों के शव मिले, जिनकी पहचान नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैली जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) के रूप में हुई है। हादसे में झुलसे नवीन जैन (48)को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत के बारे में फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस के अनुसार, तड़के करीब 3:48 बजे विवेक विहार थाना को एक पीसीआर कॉल के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल विभाग के अलावा अन्य टीमें तत्काल घटनास्थल (विवेक विहार फेज-1 स्थित मकान नंबर बी-13) पर पहुंचे।दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर ऊंची लपटें उठ रही थीं। दमकलकर्मियों और पुलिस ने संयुक्त राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए आग में फंसे करीब 10-15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग पर नियंत्रण पाने के लिए 12 दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। आग बुझाई जा चुकी है। दमकल विभाग के प्रवक्ता एके मलिक के अनुसार, इस हादसे में नौ लोगों की मौत हुई है।आग इमारत के छह फ्लैटों में रखे घरेलू सामान से फैली। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान विभिन्न मंजिलों से नौ झुलसे शव बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी कारणों से लगी हो सकती है। वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस भवन की फायर सेफ्टी व्यवस्था, निकास मार्ग और निर्माण मानकों की भी जांच कर रही है। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

## आज व कल वर्षा व वज्रपात का अलर्ट

**रांची।** झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने 4 और 5 मई को राज्य के कई जिलों में बारिश के साथ वज्रपात (बिजली गिरने) और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 4 मई को रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में बारिश के साथ आंधी-तूफान और वज्रपात की संभावना है। वहीं 5 मई को राजधानी रांची समेत खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, कोडरमा, सरायकेला-खरसावां, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा जिलों में भी मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

# जनगणना-2027 में सरना धर्म की अलग पहचान हो, सीएम हेमंत ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वर्ष 2027 की जनगणना में आदिवासी समाज के लिए सरना धर्म को अलग पहचान देने की मांग उठाई है। मुख्यमंत्री ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर सरना धर्म के लिए अलग कोड निर्धारित करने का अनुरोध किया है।
मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि झारखंड सरकार जनगणना अभियान में पूरा सहयोग कर रही है और उन्होंने स्वयं भी स्व-गणना कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के संतुलित और समावेशी विकास के लिए तथ्य आधारित नीतियां जरूरी होती हैं, जिसके लिए सटीक आंकड़ों का संग्रह बेहद महत्वपूर्ण है।
आदिवासी समाज की पहचान पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समुदाय की अपनी विशिष्ट सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं हैं। प्रकृति पूजा, सरना स्थल, कुल देवता और ग्राम देवता की मान्यताएं इसे अन्य धर्मों से अलग एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती हैं।
मुख्यमंत्री ने वर्ष 2011 की जनगणना का उल्लेख करते हुए बताया कि उस समय अलग कोड नहीं होने के बावजूद देश के 21 राज्यों में लगभग 50 लाख लोगों ने अपने धर्म के रूप में सरना का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का गठन भी आदिवासी पहचान के आधार पर हुआ है और यहां की नीतियां इसी दृष्टिकोण पर आधारित हैं।
संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए उन्होंने अनुच्छेद 244, 338ए, 339 और 275 का जिक्र किया।
मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को आदिवासी समाज का संरक्षक बताते हुए इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। साथ ही उन्होंने अनुरोध किया कि जनगणना के दूसरे चरण के फॉर्म में सरना धर्म के लिए अलग कोड सुनिश्चित किया जाए, ताकि आदिवासी समुदाय की धार्मिक पहचान सुरक्षित और संरक्षित रह सके।

**न्यूज अपडेट्स**

## रांची के मैरेज पैलेस में शादी के दौरान 30 लाख चोरी

**रांची।** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित मैथन मैरेज पैलेस में शादी समारोह के दौरान नकदी और जेवरात से भरे बैग की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना रविवार की है, जिसके बाद पीड़ित ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, नामकुम निवासी विजय कुमार पांडेय अपनी पुत्री का विवाह मैथन मैरेज पैलेस में कर रहे थे। जयमाला के दौरान उनकी पत्नी मंजु पांडेय के पास रखा बैग, जिसमें नकद रुपये, सोने के जेवरात और एक मोबाइल फोन था, एक अज्ञात बच्चा लेकर फरार हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मामले की जांच शुरू की, लेकिन अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित विजय पांडेय ने मैरेज पैलेस प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समारोह में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। उनके अनुसार चोरी की कुल राशि करीब 25 से 30 लाख रुपये के बीच है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्ध की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

**महोत्सव** ▶ सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला का समापन

# 125 स्टॉल में सजी स्वदेशी वस्तुओं को लोगों ने जाना

**रांची।** रांची के आड्रे हाउस में तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला का समापन रविवार को हो गया। मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर मेघवाल ने कहा कि एक मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन महोत्सव प्रारंभ हुआ। आज हम समापन उत्सव मना रहे हैं। लेकिन कल भी हम उत्सव मनाएंगे और कल का दिन उत्सव का दिन रहेगा। उन्होंने सफल आयोजन के लिए रक्षा राज्य मंत्री सहित सभी लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय कलाकारों के संग लोगों के लिए प्रेरणा का स्तंभ बनेगा। मुख्य अतिथि मेघवाल ने स्वदेशी मेले में लगे स्टॉल का भ्रमण किया।




### हम सभी कोशिश करें की मोटे अनाज का सेवन करें : बाबूलाल

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला के आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सचमुच में बहुत ही अच्छा है आने वाले समय में एक उदाहरण कायम करेगा।

इस आयोजन के जरिये घरेलू उत्पाद को बढ़ावा मिलेगा और उत्पादों को लोकल बाजार में जगह मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को जीवन में उतरना होगा। हम सभी कोशिश करे की मोटे अनाज का सेवन करें। इस अवसर पर भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर, महापौर रोशनी खलको, उपमहापौर नीरज कुमार, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारू भी मौजूद थे।
इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि 125 स्टॉल लोगों को निःशुल्क उपलब्ध कराया गया था। जो पूर्णत स्वदेशी को समर्पित था। उन्होंने कहा झारखंड की संस्कृति,पहचान,विविधता, परंपरा,लोक कला साथ ही यहां के लोक नृत्य, संगीत को एक ही छत के नीचे कला संस्कृति के माध्यम से उनका संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने का वृहद अलौकिक,सुंदर कार्य सांसद सांस्कृतिक महोत्सव स्वदेशी मेला के माध्यम से किया गया है,जो हमारे स्वदेशी कला संस्कृति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का एक सशक्त माध्यम भी है। तीन दिनों में हजारों लोगों ने सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का आनंद लिया।
महिलाओं के जरिये निर्मित पापड़, खजला, बड़ी, मंगोड़ी, विभिन्न प्रकार के अचार, ब्लैक राइस, रेड राइस, एनर्जी चॉकलेट मडुवा के लड्डू, रागी की कुकीज, चॉकलेट सहित कई उत्पाद की लोगों ने खरीददारी की। इसी के साथ हर्बल मसाला, घरेलू दवा, मेटल की तस्वीर, जूट बैग, उन से बने हैंडमेड फ्लावर, लिपिन आर्ट, ब्लू कार्ड पेंटिंग की तस्वीर भी कम मूल्य पर मिल रही थी।
श्री अन्न आहार कुटीर में झारखंड के पारंपरिक मोटे अनाज से बने मड़वा समोसा, मड़वा चोप, निमकी, भुजिया चॉकलेट, बिस्किट जैसे खाद्य पदार्थ का लोगों ने खरीदारी कर खूब आनंद उठाया। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत 70 से भी ज्यादा स्कूलों एवम महाविद्यालय के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसमें देश भक्ति, शिव तांडव, वंदे मातरम,छउ नृत्य,कथक एवं यहां के पारंपरिक लोक नृत्य के संग हजारों बच्चों एवं बच्चों ने सामूहिक रुप से अपनी प्रस्तुति दी। बच्चों एवं बच्चियों सहित स्कूल व एकेडमी सहित संस्था को सांसद ने सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।
देशभर के ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गरबा नृत्य, डालखाई, झूमर, पाईका नृत्य, कथक नृत्य ने सांस्कृतिक महोत्सव की शोभा बढ़ाई। वहीं, जनजातीय नृत्य,सामूहिक नृत्य, लघु नाटिका, शास्त्रीय संगीत व नृत्य,असम का बिहू नाच गौरैया नाच सहित उलगुलान नाटक की प्रस्तुति ने सांस्कृतिक महोत्सव में लोगों को आनंदित किया।
स्वदेशी मेला में लोगों ने सांस्कृतिक आयोजन के संग अन्न आहार कुटीर में झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों का लुफ्त उठाया। साथ ही यहां से बने उत्पादों सहित मोटे अनाज रागी,ज्वार,बाजरा,मड़वा से बनी चीजो की खरीदारी की।
वहीं, रांची के इशांक ने मात्र सात वर्ष की आयु में श्रीलंका और भारत के बीच स्थित लगभग 29 किलोमीटर लंबे पाक जलडमरूमध्य को पार कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। समिति की ओर से इशांक को एक लाख एक रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## झामुमो ने महंगाई और झारखंड के मुद्दों पर सरकार पर साधा निशाना




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वर्ष 2014 में महंगाई के खिलाफ दिए गए नारे अब बदल चुके हैं। पिछले 12 वर्षों में खाद्य पदार्थ, ऊर्जा और यात्रा किराये में दो से ढाई गुना तक वृद्धि हुई है। व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत 950 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये के पार पहुंचा दी गई है। होटल और खानपान व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। भट्टाचार्य रविवार को हरमू स्थित मोर्चा के प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार पर महंगाई, रेलवे सहित झारखंड में कई मुद्दों पर सरकार को घेरा और केंद्र पर जमकर निशाना साधा। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम लोगों पर बोझ बढ़ा है। छोटे कारोबार प्रभावित हो रहे हैं। देशभर में लोग आर्थिक तंगहाली से गुजर रहे हैं। अर्थव्यवस्था चौपट होने के कगार पर है। यह चिंता का विषय है, लेकिन सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। रेलवे के मुद्दे पर उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। उनका कहना था कि राज्य देश को बड़ा राजस्व देता है, इसके बावजूद यहां रेल सुरक्षा और रखरखाव की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण पंचायत, नगर निकाय और अन्य निर्वाचित संस्थाओं में भी लागू किया जाना चाहिए। आदिवासी पहचान के सवाल पर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरन ने वर्ष 2027 की जनगणना में सरना धर्म कोड शामिल करने की मांग केंद्र सरकार से की है। जिसे जानबूझकर लटकाया गया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की पहचान सुरक्षित रखना आवश्यक है। बावजूद इसके इसपर सरकार का ध्यान नहीं देना दुखद है।

## तमाड़ के जंगल से 7 क्विंटल डोडा बरामद, तस्कर फरार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध नशा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में डोडा (अफीम) बरामद किया है। यह कार्रवाई कदमडीह के पास स्थित घने जंगल में की गई, जहां तस्करों ने बड़ी चालाकी से नशीले पदार्थ को छिपाकर रखा था। पुलिस के अनुसार, मौके से कुल 21 बोरे डोडा के जब्त किए गए हैं, जिनका कुल वजन करीब सात क्विंटल बताया जा रहा है। बरामद डोडा की बाजार कीमत लाखों रुपये आंकी गई है, जिससे इस अवैध कारोबार के बड़े नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है। बुंडू के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर जंगल का इस्तेमाल कर भारी मात्रा में डोडा का भंडारण कर रहे हैं। सूचना के आधार पर तत्काल एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया और योजनाबद्ध तरीके से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

**विधानसभा में नेता बाबूलाल मरांडी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर चर्चा करना चाहते थे मुख्यमंत्री से**

# मुख्यमंत्री से समय नहीं मिलने पर मरांडी ने जतायी नाराजगी

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात का समय नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर चर्चा के लिए लगातार समय मांगती रही, लेकिन मुख्यमंत्री की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली।
रविवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में




आयोजित प्रेस वार्ता में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी की योजना मुख्यमंत्री से मिलकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष सत्र बुलाने और प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने का आग्रह करने की थी। इसके लिए 30 अप्रैल से ही पार्टी के महामंत्री अमर कुमार बाउरी लगातार प्रयास कर रहे थे, ताकि 3 मई को मुलाकात का समय मिल सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय को विषय की पूरी जानकारी भी दी गई थी, इसके बावजूद न तो समय दिया गया और न ही कोई स्पष्ट जवाब मिला।
ऐसे में पार्टी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपनी बात रखने का निर्णय लिया और उन्हें इस संबंध में पत्र भेज दिया गया है। मरांडी ने कहा कि 16, 17 और 18 अप्रैल को केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम सदन में प्रस्तुत किया गया था, जिससे देश की आधी आबादी में उम्मीद जगी। इस अधिनियम में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने झारखंड के संदर्भ में कहा कि यदि यह अधिनियम लागू होता, तो राज्य में लोकसभा सीटों की संख्या 14 से बढ़कर 21 हो जातीं, जिनमें 7 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होतीं। वहीं, विधानसभा की सीटें 81 से बढ़कर 121 हो जातीं, जिनमें 41 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होतीं। इससे महिलाओं सहित अन्य वर्गों को भी अधिक प्रतिनिधित्व का अवसर मिलता। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस विधेयक के खिलाफ मतदान किया, जबकि उनसे समर्थन की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती थी कि इस मुद्दे पर राज्यपाल की सहमति से विशेष सत्र बुलाया जाए और प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए, ताकि इस विधेयक को दोबारा लाया जा सके।
प्रेस वार्ता के दौरान मरांडी ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र की प्रति भी साझा की। इस मौके पर प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी मौजूद रहीं।

# आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ने प्यासे को पानी पिलाकर पनशाला का किया शुभारंभ




बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** साहिजना रोड अवस्थित मिहिजाम होम्योपैथिक चिकित्सालय के पास आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम की ओर से आनंदमार्गियों की गरिमामयी उपस्थिति में पनशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राहगीरों को मीठा खिलाकर एवं ठंडा जल पिलाकर नियमित जल की उपलब्धता की बात कही गई। यह व्यस्ततम मार्ग है जिसमें अनेक सर्वसाधारण, बीमार एवं विद्यार्थी हमेशा आवागमन करते हैं जिन्हें जल की अत्यंत आवश्यकता पड़ती है। परंतु वर्तमान शहरी व्यस्था में हैंडपंप एवं अन्य जल प्रबंध नहीं के बराबर है, जिससे गरीब एवं असहायों को जल अभाव में प्यासा भी रहना पड़ता है। यही कारण है कि आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ऐसी सेवा के लिये सदैव ही तत्पर रहता है। इस अवसर पर उपस्थित डीपीएस सेक्रेटरी कैलाश जी ने बताया कि इस भीषण धूप में जरूरत मंद राहगीरों को ठंडा पानी पिलाना पुनीत कार्य है। पूर्व भुक्ति प्रधान सह मिहिजाम होम्योपैथिक चिकित्सालय के संचालक डॉ रामानुज प्रसाद ने बताया कि यह प्याऊ लगातार 12 वर्षों से संचालित है इस प्रकार की सेवा प्रदान करते हुये अत्यंत आनंदित हूं। भुक्ति प्रधान धर्मेंद्र देव ने संबोधित करते हुये सभी से अपील किया कि राहगीरों के साथ ही हम सब को अन्य जीव जंतुओं, पशु पक्षियों के अस्तित्व की सुरक्षा के संकट की घड़ी में जल स्त्रोतों को सुरक्षित, विकसित एवं जल सुविधा प्रदान कर अपने मानवीय कर्तव्यों को अवश्य ही पूर्ण करना होगा अन्यथा पर्यावरण असंतुलन से मानव जीवन को नये संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस कार्यक्रम में आरती दीदी, आशीष देव, ज्योत्सना देव एवं आभा रानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## न्यूज अपडेट्स

### रोड नहीं तो टोल नहीं, एनएच-39 पर अवैध वसूली बंद करे प्रशासन : विवेका त्रिपाठी

**मेदिनीनगर :** कांग्रेस के पलामू जिला महासचिव सह इंटक प्रदेश सचिव विवेका त्रिपाठी ने एनएच-39 स्थित दुबियाखाड़ टोल प्लाजा पर कथित अवैध वसूली को लेकर जिला प्रशासन और एनएचएआई पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि जब सड़क निर्माण अधूरा है और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, तो जनता से टोल टैक्स वसूली किस आधार पर की जा रही है। विवेका त्रिपाठी ने बताया कि टोल संवेदक, एनएचएआई और जनप्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में यह सहमति बनी थी कि लहलहे तक जिन क्षेत्रों में सड़क निर्माण अधूरा है, वहां के स्थानीय लोगों को लोकल पास जारी कर टोल से राहत दी जायेगी। शुरूआत में कुछ लोगों को पास मिला, लेकिन अब नियम बदलने का हवाला देकर वसूली तेज कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि टोल कर्मियों द्वारा स्थानीय लोगों से जबरन वसूली की जा रही है और विरोध करने पर इसे एनएचएआई के निर्देश का हवाला देकर टाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह जनता के साथ अन्याय है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिये। विवेका त्रिपाठी ने पलामू उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि यदि अधूरी सड़क पर टोल वसूली बंद नहीं हुई और स्थानीय लोगों को राहत नहीं मिली, तो जनता आंदोलन के लिये बाध्य होगी।

## निर्णय गढ़वा में योग को जन-आंदोलन बनाने की तैयारी

# गांव-गांव में योग कक्षा का होगा विस्तार

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिले में योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को रामलला मंदिर परिसर में एक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में राज्य प्रभारी रामजीवन पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, प्रखंड प्रभारी तथा बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में योग गतिविधियों का विस्तार करना और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना रहा। मौके पर राज्य प्रभारी रामजीवन पांडेय ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन पद्धति है, जिसे हर व्यक्ति को अपनाना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड में योग कक्षाओं को नियमित और प्रभावी रूप से संचालित किया जाय, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें। बैठक में विशेष रूप से आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की तैयारी पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि योग दिवस से पूर्व जिले के सभी प्रखंडों में सात दिवसीय सर्व रोग निवारण शिविर आयोजित किये जाएंगे। इन शिविरों में लोगों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और स्वास्थ्य सुधार से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर 100 घंटे का विशेष योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि नये योग प्रशिक्षक तैयार किये जा सकें और गांव-गांव में योग कक्षाओं का विस्तार हो सके। सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुये कहा कि यदि हर कार्यकर्ता संकल्प के साथ कार्य करे तो योग आंदोलन को जन आंदोलन में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक योग पहुंचाना ही स्वस्थ समाज की नींव रखेगा। उन्होंने यह भी कहा कि योग से मिलने वाला स्वास्थ्य लाभ किसी भी आर्थिक लाभ से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। जिला प्रभारी संतोष कुमार चौबे और अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुये आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में योग कक्षाएं नियमित रूप से चलाने और दिये गये सभी निदेर्शों का पूरी निष्ठा से पालन करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी शैलेश कुमार शुक्ला जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुशील कुमार केशरी ने दिया। बैठक में संगठन मंत्री प्रदीप केशरी, बलराम शर्मा, मनदीप प्रसाद, सतेंद्र कुमार, अर्जुन चैधरी, नवल किशोर गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूल-कॉलेज में ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** एसपी के निर्देश पर गढ़वा थाना पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस अवर निरीक्षक अविनाश राज एवं आदित्य नायक ने किया। कार्यक्रम का आयोजन आरके पब्लिक स्कूल, आरकेभीएस बीएड कॉलेज एवं आरकेभीएस संस्थान में किया गया, जिसमें संस्थान के ड्राईवरों, शिक्षकों और कर्मियों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। ड्राईवरों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने, ट्रैफिक सिग्नलों का 100 प्रतिशत अनुपालन करने और जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने की सलाह दी गई। साथ ही, यातायात नियमों के उल्लंघन पर होने वाली कानूनी कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी गई। भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के तहत लागू सख्त प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा ही बचाव है का संदेश देते हुये हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ओवरस्पीडिंग से बचने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर अपनी ड्यूटी के दौरान यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करने वाले कुछ चुनिंदा चालकों को गढ़वा पुलिस द्वारा सम्मानित भी किया गया।

## स्वास्थ्य केंद्रों में बड़ा घोटाला उजागर बिना काम करोड़ों की निकासी : शोभा

**पाटन :** मुख्यमंत्री रख-रखाव योजना के तहत पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किशुनपुर और नावा जयपुर उप स्वास्थ्य केंद्रों में हुये कार्यों की जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कई जगह बिना काम किये ही लाखों रुपये की निकासी कर ली गई। जांच टीम में डीएलओ रजी अहमद, डीपीएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव और सतीश कुमार शामिल थे। पाटन प्रमुख शोभा देवी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार, बीपीएम शशिकांत कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। जांच के दौरान किशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में मरम्मत के नाम पर राशि निकाल ली गई, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं मिला। नावा जयपुर में भी यही स्थिति देखने को मिली, जहां कागजों में खर्च दिखाया गया, लेकिन जमीन पर काम नहीं हुआ। पाटन सीएचसी में लगभग 10 लाख रुपये खर्च दिखाये गये, लेकिन वहां भी आंशिक कार्य ही पाया गया। पाटन प्रमुख शोभा देवी ने आरोप लगाया कि प्रबंधन समिति को बिना जानकारी दिये राशि की निकासी की गई और अधिकतर कार्य सिर्फ कागजों में सीमित हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री रख-रखाव योजना के तहत पाटन सीएचसी को 40 लाख रुपये आवंटित हुये थे। जांच में सामने आया कि तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बिना कार्य किये ही खर्च दर्शा दिया गया। किशुनपुर पीएचसी में बिना काम किये मझिआंव (गढ़वा) की राधाकृष्ण एजेंसी को 2.50 लाख रुपये का भुगतान भी जांच में सामने आया है।

## फरार आरोपी गिरफ्तार



**उंटारी रोड :** पुलिस ने मारपीट के फरार नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एएसआई साधुचरण दास ने बताया कि फरार चल रहे रहे मारपीट के आरोपी पीर मोहम्मद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाने के मुरमा खुर्द के टिटही टोले पर 14 जनवरी को मारपीट हुई थी जिसमे पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट करने की नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उक्त मामले में सभी आरोपी सरेंडर कर चुके थे। जबकि आरोपी पीर मोहम्मद तब से फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## गढ़वा में नीट-यूजी परीक्षा शांतिपूर्ण



**गढ़वा :** जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित नीट यूजी-2026 की परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक एवं कदाचारमुक्त संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया और हर स्तर पर सख्ती बरती गई। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार तीनों परीक्षा केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा के दौरान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रही, जिसके तहत अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश, अनावश्यक आवागमन, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग तथा किसी भी प्रकार के हथियार एवं विस्फोटक के प्रयोग पर पूरी तरह रोक लगाई गई। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व सभी परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से सघन जांच की गई। इस दौरान राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश पर सख्ती से रोक रही। परीक्षा अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रतिनियुक्त पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी गई। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इधर एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव कुमार मंडल, थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी एवं पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार लगातार तीनों परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहे और पल-पल की स्थिति पर नजर बनाए रखी। प्रशासन की सतर्कता और सख्त व्यवस्था के चलते परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुई।

## जनगणना-2027 में डिजिटल कदम

# घर बैठे स्व गणना करने की अपील

बंशीधर न्यूज





**विश्रामपुर :** झारखंड में जनगणना 2027 को लेकर इस बार बड़ा बदलाव किया गया है। 1 मई से आम नागरिकों के लिये स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा शुरू कर दी गई है। जिसके माध्यम से लोग पहली बार अपने घर बैठे ही परिवार का पूरा विवरण ऑनलाईन भर सकेंगे। विश्रामपुर ग्रामीण क्षेत्र में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर नीरज कुमार पाण्डेय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 17 अप्रैल को जारी अधिसूचना के अनुसार 16 मई से 14 जून तक जनगणना का प्रथम चरण संचालित होगा। इस दौरान प्रगणक अपने-अपने आवंटित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में मकानों का सूचीकरण एवं गणना करेंगे। श्री पांडेय ने सभी प्रबुद्ध नागरिकों एवं जनगणना कार्य से जुड़े सभी कर्मियों से स्वगणना करने एवं इसके लिये अन्य लोगों को जागरूक करने की भी अपील की है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न होगी। इसके लिये भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा तैयार विशेष मोबाइल ऐप एचएलओ का उपयोग किया जायेगा। जनगणना की सुविधा के तहत कोई भी व्यक्ति आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर सकता है। इसके बाद मोबाइल नंबर या ईमेल के माध्यम से लॉगिन कर अपने परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी भरकर ऑनलाईन सबमिट कर सकता है। जानकारी सबमिट करने के बाद संबंधित व्यक्ति को एक विशेष रेफरेंस आईडी एसएमएस या ईमेल के माध्यम से प्राप्त होगी। इस आईडी को प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा, जिसके आधार पर सत्यापन कर जनगणना प्रक्रिया पूरी की जायेगी। नीरज ने बताया कि यह सुविधा लोगों को समय की बचत के साथ-साथ अपनी सुविधा अनुसार सही जानकारी देने का अवसर प्रदान करती है। जनगणना 2027 स्वतंत्रता के बाद की आठवीं तथा अब तक की 16 वीं जनगणना होगी। उन्होंने कहा कि यह विश्व का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय कार्य है, जो देश की योजनाओं और नीतियों के निर्धारण में अहम भूमिका निभाता है।



# जमीन विवाद बना खूनी संघर्ष, वृद्ध की हत्या, तीन घायल

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के मझिगांवा (भेलवाखाड़ी) गांव में शनिवार की रात जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुरानी रंजिश को लेकर हुये इस खूनी संघर्ष में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब नौ बजे की है। मृतक जोखन राम के पुत्र नीतीश कुमार ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही रामदयाल राम, राधेश्याम राम, रमेश राम, मुन्ना कुमार, पारीखा राम, सूरज कुमार, रंजीत कुमार और सुदीप राम (पुलिसकर्मी) समेत करीब एक दर्जन लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जोखन राम और उनके परिवार पर अंधाधुंध हमला कर दिया। इस दौरान जोखन राम के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे नीतीश कुमार, संगीता देवी और प्रियंका देवी भी हमले में बुरी तरह घायल हो गये। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचे, हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो चुके थे। पीड़ित पक्ष ने हरिहरपुर ओपी प्रभारी को लिखित आवेदन देकर सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में एक पुलिसकर्मी की संलिप्तता का भी आरोप लगाया गया है, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया है। इधर, घटना के बाद पूरे गांव में तनाव व्याप्त है। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये लगातार छापेमारी की जा रही है।

## न्यूज अपडेट्स

### ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराई बाईक, दो युवकों की मौत

**मेदिनीनगर :** रेड़मा ओवरब्रिज पर रविवार अहले सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाईक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी आनंद कुमार और मिंशु कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक लेस्लीगंज में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रेड़मा ओवरब्रिज पर उनकी बाईक अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने घटना की पुष्टि करते हुये बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कराया गया।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप, गिरफ्तार

**छतरपुर :** थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अर्जुनडीह गांव निवासी 19 वर्षीय युवती ने सुशीगंज पंचायत के बभंडी गांव निवासी कुंदन कुमार पर शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इनकार करने का आरोप लगाया था। इस संबंध में युवती द्वारा छतरपुर महिला थाना में आवेदन दिया गया था। महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी ने बताया कि दोनों के बीच करीब डेढ़ से दो वर्षों से प्रेम संबंध था। इस दौरान युवक ने शादी का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में मुकर गया और घर छोड़कर फरार हो गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## गढ़वा राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन की बैठक

# मनोज कुमार गुप्ता बने गढ़वा जिला अध्यक्ष

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिले के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय मनोज कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन गढ़वा का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से संगठन के कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। यह मनोनयन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दिलीप निलेश साहू द्वारा रांची में आयोजित संगठन की एक बैठक के दौरान किया गया। बैठक में प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी मौजूद थे, जिनकी उपस्थिति में मनोज कुमार गुप्ता के नाम की आधिकारिक घोषणा की गई। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें संगठन की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का निर्देश दिया। साथ ही जल्द से जल्द जिला कमिटी का विस्तार कर उसकी जानकारी प्रदेश कमिटी को उपलब्ध कराने को कहा। अपने मनोनयन पर मनोज कुमार गुप्ता ने खुशी जताते हुये संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन समाज को एकजुट करने और उसके अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिये निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता गढ़वा जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाना होगी। आने वाले दिनों में सभी प्रखंडों और पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार किया जायेगा। इसके लिए गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ा जायेगा और युवाओं को विशेष जिम्मेदारी दी जायेगी। मनोज ने कहा कि संगठन समाज के गरीब, जरूरतमंद और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिये निरंतर कार्य करेगा। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जागरूकता और युवाओं के सशक्तिकरण के लिये विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिये संघर्ष करना है। मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, राष्ट्रीय सचिव राकेश रंजन, प्रदेश संगठन मंत्री संत कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, युवा अध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री रूपेश कुमार गुप्ता, मंडल संगठन मंत्री रामचंद्र गुप्ता, नगर मंडल प्रतिनिधि रूपेश कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार गुप्ता, लातेहार के सक्रिय कार्यकर्ता सौरभ एडवोकेट, दिलीप कुमार गुप्ता, प्रो अरविंद गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## अवैध शराब कारोबार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 200 किलो जावा महुआ नष्ट



**गढ़वा :** जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जहारसराय में अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो के नेतृत्व में चलाये गये छापामारी अभियान में बड़ी मात्रा में जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जहारसराय गांव में छापेमारी की। इस दौरान करीब 200 किलो जावा महुआ के साथ-साथ अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण मौके पर ही पाये गये। पुलिस ने सभी बरामद सामग्री को वहीं नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिये लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## इस साल भी सेकेंड फेज पाईपलाईन से नहीं मिलेगा पानी : आशीष भारद्वाज



**मेदिनीनगर :** नगर निगम क्षेत्र में पेयजल संकट के बीच सेकेंड फेज पाईपलाईन योजना को लेकर निराशाजनक तस्वीर सामने आई है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता आशीष भारद्वाज ने कहा कि इस वर्ष भी शहरवासियों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा। आशीष भारद्वाज ने योजना का कार्य देख रही कंपनी आरके इंजीनियरिंग एंड सेल्स लिमिटेड के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि कंपनी के अनुसार पाईप और विभिन्न विभागों से एनओसी नहीं मिलने के कारण काम प्रभावित है, जिससे इस साल पानी आपूर्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर तीन ओर से नदियों से घिरा होने के बावजूद हर साल पानी के लिये तरसता है, जो जनप्रतिनिधियों की विफलता को दर्शाता है। 172 करोड़ की इस योजना में 476 किमी पाईपलाईन बिछाने का प्रस्ताव है, लेकिन अब तक सिर्फ 212 किमी का ही टेंडर हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएचएआई, रेलवे, आरसीडी और पीडब्ल्यूडी से क्लीयरेंस नहीं मिल पा रहा है। वहीं नगर निगम ईएसआर टंकी के लिये जमीन तक उपलब्ध नहीं करा सका है। आशीष भारद्वाज ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो पानी यात्रा की तरह एक बड़ा जनआंदोलन किया जायेगा।

# विज्ञान को जीवन में उतारें, हर समस्या का समाधान मिलेगा : गोपाल जी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** कजरी स्थित संत मरियम स्कूल में आयोजित विज्ञान संवाद नवाचार से नई उड़ान कार्यक्रम में बनाना बॉय के नाम से प्रसिद्ध युवा वैज्ञानिक गोपाल जी ने छात्रों को विज्ञान की उपयोगिता और नवाचार की शक्ति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। गोपाल जी ने छात्रों को जिज्ञासु और रचनात्मक बनने की प्रेरणा देते हुये कहा कि किसी भी घटना के पीछे का कारण समझना ही विज्ञान की शुरुआत है। उन्होंने जगदीश चंद्र बसु, आइजैक न्यूटन और अल्बर्ट आइंस्टीन के उदाहरण देकर वैज्ञानिक सोच अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने जीवन संघर्ष का जिक्र करते हुये बताया कि किसान परिवार से आने के कारण समस्याओं के समाधान के लिये उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया। इसी सोच के तहत उन्होंने केले के पौधों से बिजली उत्पादन और अन्य उपयोगी उत्पाद विकसित करने की दिशा में काम किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बायोडिग्रेडेबल पॉलीबैग का प्रदर्शन रहा, जो गर्म पानी में घुलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त दुनिया बनाने के अपने लक्ष्य को भी साझा किया। मुख्य अतिथि डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञान समाज और जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम है। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक लाना नहीं, बल्कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता विकसित करना है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा। संचालन एकता वर्मा ने किया। इस मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा, प्रवीण दुबे, आनंद सर, रौशन सर समेत कई लोग मौजूद थे।

## न्याय की प्रतीक्षा में विनीत तिवारी का परिवार : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर :** रेड़मा निवासी विनीत तिवारी हत्याकांड को लेकर महापौर अरुणा शंकर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि घटना को आठ दिन बीत जाने के बाद भी परिवार न्याय की प्रतीक्षा में है, जो प्रशासनिक और सामाजिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। महापौर ने कहा कि इस जघन्य हत्या ने न सिर्फ कानून-व्यवस्था की स्थिति को उजागर किया है, बल्कि समाज के प्रभावशाली नेताओं की चुप्पी भी चिंता का विषय है। उन्होंने सवाल उठाया कि कठिन समय में समाज के बड़े चेहरे और संगठन पीड़ित परिवार के साथ क्यों नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक होनहार युवक की निर्मम हत्या से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है, लेकिन जिन लोगों पर समाज के हितों की रक्षा की जिम्मेदारी है, वे मौन साधे हुये हैं। इससे आम जनता के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद हो सकते हैं। महापौर ने अपील की कि समाज के सभी जिम्मेदार लोग आगे आकर पीड़ित परिवार का साथ दें और न्याय की मांग को मजबूत करें। उन्होंने प्रशासन से भी अविलंब ठोस कार्रवाई करने की मांग की, ताकि दोषियों को जल्द सजा मिल सके। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि समय रहते समाज और नेतृत्व ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई, तो यह चुप्पी इतिहास में सवालों के घेरे में दर्ज होगी।

## मारवाड़ी युवा मंच की पहल, महापौर ने दिखायी हरी झंडी

# शहरवासियों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल : अरुणा

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** भीषण गर्मी में आम लोगों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच, डाल्टनगंज शाखा द्वारा निःशुल्क अमृतधारा चलंत पनशाला की शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने नारियल फोड़कर किया और हरी झंडी दिखाकर पनशाला वाहन को रवाना किया। महापौर अरुणा शंकर ने मंच के सेवा कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि यह पहल समाज के लिये प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है, इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। गिरते जलस्तर को देखते हुए अब जल संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी बन गई है। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। मंच के अध्यक्ष भरत सांवरिया और कार्यक्रम संयोजक शिवम खेतान ने बताया कि संस्था हर वर्ष गर्मी के मौसम में इस तरह की सेवा गतिविधि चलाती है, ताकि राहगीरों को शुद्ध पेयजल मिल सके। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रौशन कुमार, नवीन गुप्ता, रवि कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं मारवाड़ी समाज के बड़ी संख्या में लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुये। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा पत्रकारों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंच के पदाधिकारियों ने लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। मौके पर सचिव अंकित पोद्दार, कोषाध्यक्ष विशाल सांवरिया, सुशील लाठ, पीयूष तुलस्यान, गोपाल छापड़ीया, आलोक सांवरिया, संजय केजरीवाल, बद्री सिंघानिया समेत कई सदस्य मौजूद थे।



## फिल्ममेकर औशिम खेतरपाल का फिल्मी अंदाज

तिरुवन्नामलई स्थित पवित्र अरुणाचलम में आयोजित 17वें वार्षिक आध्यात्मिक महोत्सव के दौरान अभिनेता और फिल्म निमार्ता औशिम खेतरपाल को 'आध्यात्मिक नेतृत्व सम्मान' से सम्मानित किया गया। धार्मिक विषयों पर आधारित फिल्मों, धारावाहिकों और समाज सेवा में उनके योगदान को देखते हुए संतों और आध्यात्मिक गुरुओं ने उन्हें यह विशेष सम्मान प्रदान किया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और संतों की उपस्थिति रही। 'साई बाबा शांति पुरस्कार' की 'शांति और एकता की मशाल' की शुरूआत वेटिकन सिटी से हुई थी, जिसके बाद यह दक्षिण अफ्रीका और डैलस होते हुए भारत पहुंची। अरुणाचलम में 100 से अधिक साधु-संतों की मौजूदगी में इस मशाल को औशिम खेतरपाल द्वारा प्रज्ज्वलित किया गया, जो वैश्विक शांति पहल का एक महत्वपूर्ण क्षण रहा। इस आयोजन का संचालन स्वामी साई रविचंद्रन के मार्गदर्शन में अक्षय श्री साई ध्यान सभा मंदिर द्वारा किया गया। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने गिरिवलम परिक्रमा में भाग लिया और हवन, अभिषेक, आरती, भजन व अन्नदान जैसे धार्मिक एवं सेवा कार्य संपन्न हुए, जो 'सबका मालिक एक' के संदेश को सशक्त करते हैं। इस अवसर पर औशिम खेतरपाल ने कहा कि आज की दुनिया में शांति की सबसे अधिक आवश्यकता है और ऐसे प्रयास समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी आगामी फिल्म चिल्ड्रेन ऑफ गॉड 19 जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी, जो लैंगिक विविधता, मानवाधिकार और आत्म-स्वीकृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सामने लाएगी।

## मुनव्वर फारूकी बने पिता, घर आई खुशियां





मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और मुनव्वर फारूकी के घर एक बार फिर खुशियों ने दस्तक दी है। मुनव्वर और उनकी पत्नी महजबीन कोटवाला एक प्यारी सी बेटी के माता-पिता बन गए हैं। शादी के करीब दो साल बाद आई इस खुशखबरी ने उनके फैंस के बीच जश्न का माहौल बना दिया है। सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। मुनव्वर ने सोशल मीडिया के जरिए इस खास पल को फैंस के साथ शेयर किया। उन्होंने अस्पताल से पत्नी और नवजात बेटी की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। हालांकि, प्राइवेसी बनाए रखते हुए उन्होंने चेहरे को पूरी तरह नहीं दिखाया। तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा, घर बरकत आई। तस्वीरों में मुनव्वर की खुशी साफ झलक रही है। बता दें कि मुनव्वर और महजबीन इसी महीने अपनी दूसरी शादी की सालगिरह मनाने वाले हैं। इस मौके से पहले पिता बनने की खुशी उनके लिए और खास बन गई है। वरुण धवन, गौहर खान, अली गोनी और रणवीर अल्लाहबादिया समेत कई सितारों ने उन्हें बधाई दी है। गौरतलब है कि मुनव्वर और महजबीन ने साल 2024 में गुपचुप तरीके से निकाह किया था और अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखा। मुनव्वर की पहली शादी से एक बेटा भी है।

## इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में 24 घंटे में किए 50 हमले, 41 की मौत, अभी भी मंडरा रहे ड्रोन



# पश्चिम बंगाल में मतगणना को लेकर 432 पर्यवेक्षक तैनात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की मतगणना को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ी संख्या में काउंटिंग ऑब्जर्वर (मतगणना पर्यवेक्षक) तैनात किए हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 293 सीटों के लिए 432 काउंटिंग ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। सोमवार को फलता विधानसभा सीट का मतदान आयोग द्वारा पूर्ण रूप से रद्द किए जाने के बाद 293 सीटों पर ही मतगणना होगी। आयोग की सूची के मुताबिक, उत्तर 24 परगना जिले में सबसे अधिक पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। यहां की 33 विधानसभा सीटों के लिए 49 काउंटिंग ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं, जो पूरे राज्य में सबसे ज्यादा हैं। दूसरी ओर, अलीपुरद्वार जिले में सबसे कम पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं, जहां पांच सीटों के लिए छह ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। पर्यवेक्षकों की संख्या के लिहाज से दक्षिण 24 परगना दूसरे स्थान पर है। यहां 31 सीटों के लिए 45 ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं। हालांकि, फलता सीट पर फिलहाल मतगणना नहीं होगी, इसलिए शेष 30 सीटों पर कितने पर्यवेक्षक ड्यूटी करेंगे, इस बारे में आयोग ने अभी स्पष्ट नहीं किया है। कोलकाता (उत्तर और दक्षिण) की कुल 11 सीटों के लिए 12 काउंटिंग ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। वहीं पूर्व बर्धमान और पूर्व मेदिनीपुर में 16-16 सीटों के लिए 26-26 पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे।

इसके अलावा नदिया जिले की 17 विधानसभा सीटों के लिए 25, हावड़ा जिले की 16 सीटों के लिए 25 और हुगली जिले की 18 सीटों के लिए 24 काउंटिंग ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार, बीरभूम जिले की 11 सीटों के लिए 12, बांकुड़ा जिले की 12 सीटों के लिए 15, कूचबिहार जिले की नौ सीटों के लिए 11 और दक्षिण दिनाजपुर जिले की छह सीटों के लिए सात पर्यवेक्षक तैनात किए हैं।

वहीं, दार्जिलिंग की पांच सीटों के लिए 10, मुर्शिदाबाद की 22 सीटों के लिए 33, पुरुलिया की नौ सीटों के लिए 15 और पश्चिम बर्धमान की नौ सीटों के लिए 18 काउंटिंग ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। निर्वाचन आयोग का कहना है कि मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए इन पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। ये सभी अधिकारी मतगणना केंद्रों पर पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तुरंत रिपोर्ट करेंगे।



### तमिलनाडु : 62 केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी मतगणना

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की सोमवार को होने वाली मतगणणा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना के लिए राज्यभर में 62 केंद्र बनाए गए हैं। राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई। चुनाव परिणाम जानने के लिए न केवल तमिलनाडु बल्कि पूरा देश उत्सुकता से इंतजार कर रहा है। तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक ने रविवार को एक बयान जारी कर बताया कि तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को हुए चुनाव की मतगणना 4 मई को होगी। राज्य के 75,064 मतदान बूथों के वोटों और प्राप्त डाक मतपत्रों की गिनती के लिए बनाए गए 62 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में दर्ज वोटों की गिनती के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डाक मतपत्र और इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजे गए डाक मतपत्रों की गिनती और ईवीएम के वोटों की गिनती के लिए कुल 3,324 टेबल लगाई गई हैं। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए प्रत्येक 500 मतपत्रों पर एक मतगणना टेबल लगाई गई है। इसके लिए 1,135 अतिरिक्त सहायक निर्वाचन अधिकारियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना का कार्य निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की सहायता से किया जाएगा। मतगणना के लिए कुल 10,545 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

## ईरान ने अमेरिका को भेजा नया शांति प्रस्ताव, राष्ट्रपति ट्रंप को नहीं लगता बनेगी बात



**वाशिंगटन/दोहा/तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को नया शांति प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव 14 सूत्रीय है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्वीकार किया है कि यह प्रस्ताव मिल चुका है। उन्होंने शनिवार को पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर पत्रकारों को यह जानकारी दी। ट्रंप ने साफ किया कि उन्होंने अभी भी नहीं लग रहा कि ईरान से बात बन पाएगी। उन्होंने कहा कि वह शांति प्रस्ताव की गहराई से समीक्षा करेंगे। इस बीच अमेरिका-इजराइल के फरवरी के आखिर में किए गए सैन्य हमले के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट लगातार गहरा रहा है। कतर के प्रधानमंत्री ने ईरान के विदेशमंत्री से सूझबूझ से काम लेने की सलाह दी है। सीबीएस न्यूज, फॉक्स न्यूज, अल जजीरा और तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्रकारों को बताया कि ईरान ने अभी-अभी प्रस्ताव भेजा है। बावजूद इसके उन्हें नहीं लगता कि ईरान समझौता कर पाएगा। इसमें आक्रमण न करने की गारंटी, नाकाबंदी हटाने और लेबनान सहित सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा, ₹मैंने इसे अभी देखा नहीं है। मैं प्रस्ताव की समीक्षा करूंगा। इसके बाद ही हमारे रुख की मीडिया को आधिकारिक जानकारी दी जाएगी।" ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत के कुछ समय बाद ट्रुथ सोशल पर लिखा, " मुझे नहीं लगता कि ईरान का शांति प्रस्ताव स्वीकार्य होगा। ईरान ने पिछले 47 वर्षों में मानवता और दुनिया के साथ जो कुछ भी किया है, उसके लिए उसने अभी पूरी कीमत नहीं चुकाई है। वह इस प्रस्ताव को एयरफोर्स वन में पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि ईरान में सब कुछ तबाह हो चुका है। वह समझौता करने के लिए लालायित है।₹ उन्होंने दुहराया कि अगर अमेरिका ईरान से हट भी जाए तो तबाह हुए मुल्क को खड़ा होने में 20 साल लग जाएंगे। ट्रंप ने कहा, " मुश्किल यह है कि यही समझ में नहीं आ रहा का इस समय ईरान का सर्वमान्य नेता कौन है। कभी कोई आगे आ जाता है तो कभी कोई। ऐसी स्थिति में इस बात की पक्की संभावना है कि अमेरिका फिर से कुछ ठिकानों पर सैन्य हमले शुरू कर सकता है। अगर ईरान ने कोई बेजा हरकत की तो उसके लिए बहुत बुरा होगा। " ट्रंप की हमले की टिप्पणी के बाद ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि वह अमेरिका के साथ फिर से युद्ध के लिए तैयार है।

## फिलीपींस में ज्वालामुखी विस्फोट, हजारों लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे

**मनीला।** फिलीपींस में मेयोन ज्वालामुखी के विस्फोट के बाद राजधानी मनीला के दक्षिणी इलाकों में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है, जबकि प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। फिलीपींस के ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने ज्वालामुखी की गतिविधि को देखते हुए अलर्ट लेवल 3 घोषित किया है। इसका मतलब है कि मैग्मा सतह के करीब पहुंच चुका है और आने वाले दिनों या हफ्तों में खतरनाक विस्फोट की आशंका बनी हुई है। अधिकारियों ने सक्रिय क्रेटर के आसपास खतरे का दायरा बढ़ाकर आठ किलोमीटर तक करने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ज्वालामुखी से लावा कई दिशाओं में बह रहा है और बीच-बीच में विस्फोटक गतिविधियां भी देखी जा रही हैं। दक्षिण-पश्चिमी ढलान पर राख गिरने और तेज गर्म गैसों के प्रवाह (पायरोक्लास्टिक करंट) की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे आसपास के गांवों में खतरा बढ़ गया है।प्रशासन ने छह किलोमीटर के दायरे को स्थायी खतरा क्षेत्र घोषित करते हुए लोगों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी है। साथ ही ज्वालामुखी के आसपास हवाई उड़ानों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। इस आपदा से 1,300 से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। कई गांवों में पानी की आपूर्ति सीमित कर दी गई है और राहत एजेंसियां स्वच्छ पेयजल, दवाइयां और मास्क उपलब्ध कराने में जुटी हैं।

### विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक सम्पन्न

# राष्ट्रहित व भैया-बहनों के समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध : अखिलेश

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में एक दिवसीय पलामू विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक सह विभाग टोली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ पलामू विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, पूर्व निरीक्षक रमेशचंद्र द्विवेदी, भवनाथपुर नगरी प्रधानाचार्य शिवबालक प्रसाद, संकुल संयोजक अरविंद सेंगर एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने सामूहिक रूप से भारत माता, ओम व मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार को भवनाथपुर नगरी के प्रधानाचार्य शिवबालक प्रसाद ने श्री बंशीधर जी का स्मृति चिह्न देकर




सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि इस बैठक में पलामू विभाग के सभी प्रधानाचार्य सम्मिलित हुये हैं। हम सभी विद्या भारती के कार्यकर्ता सदैव राष्ट्रहित तथा भैया-बहनों के समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध हैं। कई सत्रों में आज हमने वर्ष भर की योजना बनाई, साथ ही विविध विभागों को सशक्त बनाने को लेकर चर्चा की। प्रांतीय कार्ययोजना अनुसार विभाग स्तरीय बैठक के बाद प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में झारखंड प्रांत के विद्या भारती विद्यालय के सभी प्रधानाचार्य उपस्थित होंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक के द्वारा सभी आगंतुक प्रधानाचार्य को श्री बंशीधर की का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में ज्वाला तिवारी, कृष्ण मुरारी, राजीव रंजन पाण्डेय, उत्तम कुमार मुखर्जी, मनोज पाण्डेय, जयंत कुमार, अजीत कुमार, राजवल्लभ शर्मा, अजय कुमार रजक, विन्ध्येश्वरी सिंह, जितेन्द्र राम, मनोज कुमार गुप्ता, कुश जी पाण्डेय, अक्षयवट दयाल शर्मा, अभिमन्यु कुमार, अभय नारायण सिंह, प्रमोद कुमार पाठक, विद्युत प्रकाश सेनापति, जयंती सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)